समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# पाकिस्तान के छंब और सियालकोट मे इंमरजेसी के हालात, PAK आर्मी ने लोगों को दी हिदायत- 'घर मे हीं रहे'.

Publisher

Published on 09 May 2025



**पहलगाम मे आंतकी हमला करने के बाद पाकिस्तान हर तरफ से घिर चुका है. ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पड़ोसी देश के प्रमुख शहरों को निशाना बनाया.**

22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के बाद लॉन्च किए गए ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने आतंक परस्त पाकिस्तान को जिस तरह से जवाब दिया है, उससे पड़ोसी देश में खलबली मची हुई है. आधी रात को की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान के छंब और सियालकोट सेक्टर में इमरजेंसी जैसे हालात हैं और इन दोनों ही जगहों पर लोगों को घर से बाहर न आने की हिदायत दी गई है.

पाकिस्तान का छंब सेक्टर जम्मू के अखनूर सेक्टर के सामने पड़ता है और यह लाइन ऑफ कंट्रोल पर है. वहीं, पाकिस्तान का सियालकोट सेक्टर भी अखनूर सेक्टर से सटा हुआ है और यह अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पड़ता है. गुरुवार (8 मई, 2025) देर रात पेशावर में एक शक्तिशाली विस्फोट की खबर मिली, जबकि भारत ने बॉर्डर पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों की कोशिश के बाद पाकिस्तान पर बड़े पैमाने पर जवाबी हमला किया. भारतीय मिसाइलों ने लाहौर, सियालकोट और कराची सहित पाकिस्तान के मुख्य जगहों को भी निशाना बनाया है. बहावलनगर कैंट के पास भी धमाका हुआ.

बलूचिस्तान ने किया एक तिहाई हिस्से पर कब्जे का दावा

बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (BLA) ने दावा किया है कि उसने एक तिहाई बलूचिस्तान पर कब्जा कर लिया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, अफगानिस्तान और ईरान इलाके से सटी पाकिस्तानी चौकियों को छोड़कर सेना भाग गई. इससे पहले बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में पाकिस्तानी सेना के ठिकानों पर सिलसिलेवार हमले हुए. पाकिस्तानी सेना के फ्रंटियर कोर मुख्यालय को

हथियारबंद लोगों ने निशाना बनाया. कई विस्फोटों के बाद गोलीबारी हुई.

करांची में धमाके

भारत की जवाबी कार्रवाई के बाद कराची के 15 इलाकों में धमाके हुए साथ ही बंदरगाह पर 8 से 12 धमाके हुए हैं, जिसके बाद वहां ब्लैकआउट कर दिया गया और मोबाइल सिग्नल भी टूट गया है. इसके साथ ही पाकिस्तान में होने वाली पाकिस्तान सुपर लीग के मैच भी रद्द करके दुबई में शिफ्ट कर दिए गए. हैं.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.